अच्छी कंपनी में

हमारे कर्मचारियों, उपभोक्ताओं और व्यापार
भागीदारों के लिए हर्शे की प्रतिबद्धता

HERSHEY

आचार संहिता

नेतृत्व की ओर से एक संदेश

प्रिय सहकर्मियों,

130 से अधिक वर्षों से, 1894 में हमारी स्थापना के बाद से, हर्षी का नाम अच्छाई का पर्याय रहा है। यह स्थायी विरासत केवल हमारे द्वारा बनाए गए उत्पादों पर ही नहीं, बल्कि हमारे उपभोक्ताओं, हमारे भागीदारों और एक-दूसरे से अर्जित विश्वास की नींव पर बनी है।

विश्वास एक पल में नहीं बनता। यह दशकों में, हर नैतिक निर्णय, हर गुणवत्ता वाले उत्पाद और हर जिम्मेदार कार्रवाई के साथ अर्जित किया जाता है। यह हमारी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है। यह हमारी सबसे नाजुक संपत्ति भी है क्योंकि एक गलत निर्णय या लापरवाही का एक क्षण उस सद्भावना को खत्म कर सकता है जिसे बनाने के लिए हमने इतनी मेहनत की है। इसलिए, हम अपने परिणाम कैसे प्राप्त करते हैं, यह उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि परिणाम स्वयं। हमारी आचार संहिता हमारी यात्रा के लिए आवश्यक मार्गदर्शिका है। यह नियमों के एक सेट से कहीं बढ़कर है; यह एक ऐसा संसाधन है जो आपको जटिल परिस्थितियों से निपटने, नैतिक निर्णय लेने और अटूट सत्यनिष्ठा के साथ काम करने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह वह ढाँचा है जो हमारी विरासत की रक्षा करता है और हमारी भविष्य की सफलता को सक्षम बनाता है। इन मानकों को बनाए रखने की हमारी साझा जिम्मेदारी है। हम आप में से प्रत्येक से पूछते हैं:

- संहिता को आत्मसात करें: आचार संहिता को पढ़ने और समझने के लिए समय निकालें और इसे अपने दैनिक काम में एक मार्गदर्शक के रूप में उपयोग करें।
- सत्यनिष्ठा के साथ नेतृत्व करें: मिल्टन हर्षी के समय से हमारी कंपनी को परिभाषित करने वाली अच्छाई और सम्मान के सिद्धांतों को अपनाएँ।
- आवाज़ उठाएँ: हमारी पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति की रक्षा करें। यदि आप ऐसा कुछ भी देखते हैं या संदेह करते हैं जो हमारी संहिता का खंडन करता है, तो हम आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप उचित चैनलों के माध्यम से अपनी चिंता व्यक्त करें। आपकी आवाज़ हमारे स्वास्थ्य और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण है।

हम इस कंपनी का नेतृत्व करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं और इस पर गर्व करते हैं कि हम एक साथ क्या हासिल कर सकते हैं। खुद को और एक-दूसरे को उच्चतम नैतिक मानकों पर बनाए रखकर, हम एक सकारात्मक अंतर लाना जारी रखेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी उल्लेखनीय विरासत का निर्माण करेंगे।

किर्क टैनर
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
हर्शी कंपनी

हमारी विरासत

विश्व भर में कई कंपनियां अपने ब्रांडों और कंपनियों में उपभोक्ता निष्ठा और विश्वास का निर्माण करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। लेकिन हर्शे ब्रांड? हमारे लोग, हमारे उत्पाद, हमारी विरासत? एक आदमी के दर्शन और सद्भावना के लिए धन्यवाद, उन्हें पहले से ही अच्छी तरह से जाना और बेहद पसंद किया जाता है।

मिल्टन हर्शे ने, विनम्र शुरुआत से, एक कंपनी, एक समुदाय और एक सपने को आरंभ किया। आज, हम एक ऐसी कंपनी हैं जो 80 से अधिक प्रतिष्ठित और वैश्विक ब्रांडों का उत्पादन करती है और हमारा "समुदाय" हमारे प्यारे पेंसिल्वेनिया की सीमाओं से परे फैला हुआ है, जिसमें दुनिया भर में 21,000 से अधिक उल्लेखनीय लोग शामिल हैं।

लोग हमें केवल इसलिए नहीं जानते कि हम क्या बनाते हैं, बल्कि हम क्या करते हैं इसके लिए भी जानते हैं। हमने सामाजिक रूप से जागरूकता के लिए एक प्रतिष्ठा का निर्माण किया है और जहां हम रहते और काम करते हैं, उन समुदायों में बेहतर जीवन बनाने के लिए योगदान देते हैं। मिल्टन हर्शे स्कूल के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य के निर्माण और पास और दूर के बच्चों की पौष्टिकता से लेकर कोको कृषक समुदाय को सशक्त बनाने तक, मिल्टन हर्षे की विरासत सदा बनी रहेगी।

साथ में, हम 1894 से दुनिया में अच्छाई लाने के लिए काम कर रहे हैं। हमारी कहानी एक चॉकलेट बार के साथ शुरू हुई थी, लेकिन यह यहीं खत्म नहीं हुई। मिल्टन हर्षे "अच्छा करने के द्वारा अच्छा करो" में विश्वास करते थे। और हर दिन हम कुछ बेहतर बना रहे हैं, चाहे यह एक नया उत्पाद हो या लोगों और समुदायों में निवेश करने के लिए एक नई वैश्विक पहल हो।

ब्रांड का वादा

दुनिया में अच्छाई ला रहे हैं

विश्वास करने की वजह

हम जो करते हैं हर चीज में स्थायी और हार्दिक अच्छाई स्पष्ट होती है:

हमारे ब्रांड: स्वादिष्ट उत्पाद और आकर्षक अनुभव।

हमारे ध्येय: जिनके संपर्क में हम रहते हैं उन बच्चों और समुदायों के जीवन में सुधार।

हमारे लोग: प्रतिबद्ध, करुणामय कर्मचारी।

विषय - सूची

नेतृत्व की ओर से एक संदेश 1

हमारी विरासत 2

हमें अपनी संहिता पर गर्व है 4
- यहाँ से प्रारंभ करें 4
- अपनी जिम्मेदारियां जानें 6
- बिना डरे बताएं 6
- जानें कि मदद के लिए कहां जाना है 7

हम एक नैतिक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं 8
- दूसरों का आदर करें 8
- एक सुरक्षित हर्शे को बढ़ावा दें 10
- मानवाधिकारों को कायम रखें 11

हम दूसरों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं 12
- उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा को बचाए रखें 12
- निजी जानकारी को निजी रखें 14
- हमारे भागीदारों का सम्मान करें 15

हम सही काम करते हैं 16
- रिश्वत कभी नहीं 16
- उपहार और मनोरंजन के बारे में नियमों को जानें 18
- निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करें 19
- अंदरूनी जानकारी पर व्यापार न करें 20
- रिकॉर्ड सही रखें 21
- आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन नियमों का पालन करेंकरें 22

हम अपनी कंपनी की रक्षा करते हैं 23
- हमारी संपत्ति की रक्षा करें 23
- हितों का टकराव टालें 25
- हमारी कंपनी की ओर से बात न करें 26

हम अच्छे वैश्विक नागरिक हैं 27
- एक अच्छे प्रबंधक बनें 27
- अच्छाई को साझा करें और कुछ अलग करें 29

हमारी अच्छाई में विश्वास 30

हमें अपनी संहिता पर गर्व है

यहाँ से प्रारंभ करें

अपनी जिम्मेदारियां जानें

बिना डरे बताएं

जानें कि मदद के लिए कहां जाना है

यहाँ से प्रारंभ करें

हमारी संहिता दर्शाती है कि हम कौन हैं और हमारे लिए क्या महत्वपूर्ण है।

यह हम पर और हमारे काम पर लागू होने वाले कानूनों, नियमों और कंपनी की नीतियों का सिंहावलोकन प्रदान करती है, लेकिन यह उससे कहीं अधिक है। यह हमारे साझे मूल्यों पर बनती है। यही कारण है कि हम हर कर्मचारी और बोर्ड के सदस्य पर भरोसा करते हैं कि वे हमारी संहिता का पालन करें और ऐसे निर्णय लें जिससे दूसरों के हमारे प्रति विश्वास की रक्षा हो सके। हम अपने सलाहकारों, वितरकों, सह-निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं सहित हमारे व्यापार भागीदारों के साथ-साथ हमारे सहायक और संयुक्त उपक्रम भागीदारों से भी इससे कम की उम्मीद नहीं करते-हम सत्यनिष्ठा के अपने उच्च मानकों के बारे में उन लोगों के साथ संवाद करने की जिम्मेदारी को समझते हैं और उन्हें हमारे मूल्यों एवं संचालन सिद्धांतों में से किसी का भी उल्लंघन के लिए नहीं कह सकते।

हमारी संहिता एक महान संसाधन है, लेकिन यह हर उस स्थिति को समाविष्ट नहीं करती, जिसका आपको काम पर सामना करना पड़ सकता है, इसलिए आप जो कुछ करते हैं, उसमें अच्छे निर्णय का उपयोग करना महत्वपूर्ण है और यदि आप कभी भी सही कार्रवाई के बारे में अनिश्चित हैं, तो मदद लें।

आश्वस्त नहीं हैं? अपने आप से पूछें:

क्या यह हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है?

क्या यह हर्शे और मेरे सहकर्मियों के लिए अच्छा है?

यदि हर एक को इसके बारे में पता चले तो क्या मैं ठीक महसूस करूंगा?

अगर आप इन सब सवालों का जवाब **"हाँ"** में दे सकते हैं, तो शायद यह आगे बढ़ने के लिए सुरक्षित है। लेकिन अगर उनमें से किसी का जवाब **"नहीं"** या **"निश्चित नहीं"** है, तो आपको रुकना चाहिए और पुनर्विचार करना चाहिए। यह हमेशा उचित है–किसी भी स्थिति में, किसी भी परिस्थिति में-मदद मांगना।

क्या हो अगर?

हमारी संहिता में जो है और जहां मैं काम करता हूं उस देश के कानूनों के बीच टकराव है। मैं निश्चित नहीं हूँ कि मुझे क्या करना है।

सबसे अच्छा तरीका सख्त आवश्यकता का पालन करना है, और अगर यह स्पष्ट नहीं है, तो विधि विभाग से मार्गदर्शन मांगें।

अपनी जिम्मेदारियां जानें

हमारी प्रतिष्ठा आपके हाथों में हैं।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप क्या काम करते हैं या आप इसे कहां करते हैं, आप हर्शे हैं। जिस तरह आप प्रत्येक व्यापार संबंधों, हर लेन-देन और हर उत्पाद को देखते हैं, इसके बारे में सोचें और सुनिश्चित करें कि आपके कार्य हमेशा हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं। हमारी संहिता और नीतियों के साथ-साथ उस देश (या देशों) के कानूनों और नियमों का पालन करें, जहाँ आप काम करते हैं और जो हमने बनाया है, उसकी रक्षा करें। और, आपके लिए निर्धारित प्रशिक्षण पूरा करें—यह नवीन जानकारी से लैस रहने का सबसे अच्छा तरीका है, जिसकी आपसे उम्मीद की जाती है।

यदि आप कुछ गैरकानूनी या अनैतिक देखते हैं या आपको संदेह है, तो दूसरी ओर देखना या दूसरे को पहल करने देना आसान है-परंतु दुराचार हम सभी को प्रभावित करता है। रिपोर्ट करने के लिए कोई भी चिंता बहुत छोटी नहीं होती। अपनी चिंताओं को तुरंत साझा करें और किसी भी आंतरिक जांच में पूरी तरह से और ईमानदारी से सहयोग करें। ध्यान रखें कि कोई भी व्यक्ति, जो हमारी संहिता का उल्लंघन करेगा, उसे हर्शे के साथ रोजगार की समाप्ति सहित सुधारात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

यदि आप लोगों को संभालते हैं, तो आप पर और भी अधिक जिम्मेदारी है। उदाहरण के द्वारा नेतृत्व करें, सुनिश्चित करें कि आपकी टीम के सदस्यों को पता है कि संहिता उनके लिए एक संसाधन है और आप जो करते हैं और जिसकी आप दूसरों से उम्मीद रखते हैं, उसमें कोई अंतर नहीं है। एक ऐसा कार्यस्थल बनाएं जहां कर्मचारी सवालों और चिंताओं के साथ आगे आने में सहज महसूस करें और जब वे मुद्दों को उठाएं तब उन्हें समर्थन दें। नेकनीयत से चिंताओं को साझा करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कभी भी जवाबी कार्रवाई न करें, और उन्हें दूसरों के द्वारा की जा सकने वाली बदले की कार्रवाई से भी बचाएं।

बिना डरे बताएं

हम प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करते।

एक कंपनी के रूप में हम जानते हैं कि आगे आना और अपनी चिंताओं को दूसरों से साझा करना साहस की बात है। हम ऐसे किसी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई नहीं करेंगे या बदला लेने की अनुमति नहीं देंगे जो कंपनी की गतिविधियों के बारे में प्रश्न या चिंताओं को उठाता है। हम ऐसे किसी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई नहीं करेंगे या बदला लेने की अनुमति नहीं देंगे जो संभावित दुर्व्यवहार या कानूनी उल्लंघनों के बारे में हमें या सरकारी अधिकारियों को नेकनीयत से रिपोर्ट देता है अथवा दुर्व्यवहार या कानूनी उल्लंघन की जांच में सहायता करता है।

आप चाहे किसी से संपर्क करें, आपको विश्वास होना चाहिए कि आप सही काम कर रहे हैं और यह भी कि आपकी चिंता को तुरंत और उचित रूप से संभाला जाएगा। हम दुराचार की रिपोर्ट की अच्छी तरह से जांच करते हैं, जानकारी का खुलासा सिर्फ उनको किया जाता है, जो लोग इस समस्या को हल करने के लिए अपेक्षित होते हैं।

आप हर्शे हैं।

क्या हो अगर?

मुझे संदेह है—लेकिन निश्चित नहीं हूं—कि कोई हमारी संहिता का उल्लंघन कर रहा है। क्या मुझे अपनी चिंता अपने तक सीमित रखनी चाहिए?

नहीं। यदि आपको उल्लंघन का संदेह है, तो कुछ कहें। इंतजार करने और दूसरों या कंपनी के लिए नुकसान का जोखिम लेने की बजाय एक संभावित समस्या को उठाना बेहतर है। "नेक नीयत" से रिपोर्टिंग का मतलब है कि आप उस जानकारी के साथ ईमानदारी से आगे आ रहे हैं, जिसे आप सही मानते हैं, भले ही जांच के बाद यह पता चले कि आप गलत थे।

सांस्कृतिक रूप से, नेतृत्व की स्थिति में होने वाले किसी व्यक्ति के बारे में एक चिंता की रिपोर्ट करना आम बात नहीं है। मुझे क्या करना चाहिए?

अपनी चिंताओं के बारे में कुछ कहना महत्वपूर्ण है। हर्शे जब चिंताओं की जांच करता है तो अपने विविध कार्यबल का सम्मान करता है, विभिन्न सांस्कृतिक मानदंडों को समझता है और जानकारी को साझा करने वाले व्यक्ति की पहचान के साथ साझा की गई जानकारी की रक्षा के लिए सभी उचित कार्रवाई करता है।

जानें कि मदद के लिए कहां जाना है

आपकी सहायता करने के लिए, लोग हमेशा तैयार हैं।

कोई सवाल, समस्या या चिंता है? ज्यादातर मामलों में, आपका प्रबंधक आपका पहला संपर्क बिंदु होना चाहिए। उसके आपकी चिंता को समझने और उचित कार्रवाई करने के लिए अच्छी स्थिति में होने की उम्मीद है। यदि आप अपने प्रबंधक के साथ बात करने में असहज महसूस कर रहे हैं या यदि आप पहले से ही कोई चिंता साझा कर चुके हैं और महसूस करते हैं कि इसका ठीक तरीके से समाधान नहीं किया जा रहा है, तो मानव संसाधन या प्रबंधन अथवा निम्न में से किसी एक सदस्य से संपर्क करें:

इस संहिता में ऐसा कुछ भी नहीं है जो आपको संघीय, राज्य या स्थानीय कानूनों के संभावित उल्लंघन के बारे में सरकारी एजेंसियों से संवाद करने या सरकारी एजेंसियों को जानकारी प्रदान करने, सरकारी एजेंसियों के साथ शिकायत दर्ज करने अथवा सरकारी एजेंसी की जांच या कार्यवाही में भाग लेने से रोकता है और संहिता यह मांग नहीं करती है कि आपको इस तरह के किसी भी संवाद के लिए कंपनी को सूचित करना होगा।

विधि विभाग

Law Department
The Hershey Company
19 East Chocolate Avenue
Hershey, PA 17033
USA

प्रकटीकरण समिति

एक औपचारिक बैठक के दौरान एक समूह के रूप में या किसी व्यक्तिगत सदस्य के माध्यम से, या भिन्न प्रकार से, हमारी प्रकटीकरण समिति को सूचना प्रदान की जा सकती है।

नैतिक व्यवसाय प्रथाओं की समिति

c/o General Counsel
The Hershey Company
19 East Chocolate Avenue
Hershey, PA 17033
USA

लेखा परीक्षा समिति या बोर्ड के स्वतंत्र निदेशक

ईमेल:
auditcommittee@hersheys.com
c/o General Counsel
The Hershey Company
19 East Chocolate Avenue
Hershey, PA 17033
USA

चिंता लाइन भी आपके लिए एक उपलब्ध संसाधन है।

यह एक स्वतंत्र रिपोर्टिंग सेवा के द्वारा संचालित है, आप प्रश्न पूछने या हमारी संहिता, हमारी नीतियों, हमारी कार्यविधियों अथवा कानून के उल्लंघन के आरोपों के बारे में बात करने के लिए, फोन या वेब के माध्यम से चिंता लाइन से कभी भी संपर्क कर सकते हैं। आप गोपनीय रूप से भी रिपोर्ट जमा कर सकते हैं।

ऑनलाइन रिपोर्ट करें:

www.HersheysConcern.com

फोन के द्वारा रिपोर्ट करें:

हमारे स्थानों से, क्लिक करें स्थानीय नंबरों के लिए।

कुछ देशों में, चिंता लाइन केवल विशिष्ट प्रकार के आचरण से संबंधित रिपोर्ट स्वीकार कर सकती है (उदाहरण के लिए, वित्तीय, लेखांकन, लेखा परीक्षा या घूसखोरी के मामलों के लिए)। यदि आप एक ऐसी समस्या के बारे में बात कर रहे हैं जिसे कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय स्तर पर संभाला जाना चाहिए, तो चिंता लाइन विशेषज्ञ आपको वापस स्थानीय प्रबंधन या मानव संसाधन के संपर्क करने के लिए निर्देशित करेंगे।

जब आप—चाहे फोन से या वेब से- चिंता लाइन से संपर्क करते हैं— तब आप जो जानकारी साझा करेंगे उसे एक वेब आधारित प्रपत्र दर्ज कर लेगा और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उचित विशेषज्ञता वाले व्यक्ति प्रभावी ढंग से प्रश्न या चिंता का जवाब दे सकें, वह सूचना कंपनी को जारी की जाएगी। निश्चिंत रहें-कंपनी इस प्रक्रिया को बहुत गंभीरता से लेती है और आपके निवेदन की गोपनीय प्रकृति को बनाए रखने का प्रयास करती है। आपके प्रश्न या चिंता की रिपोर्टिंग के बाद, आपको एक केस नंबर प्राप्त होगा जो आपके निवेदन के संबंध में जांच और स्थिति का अद्यतन लेने में आपका संदर्भ होगा।

हम एक नैतिक कार्यस्थल को बढ़ावा देते हैं

दूसरों का आदर करें

एक सुरक्षित हर्शे को बढ़ावा दें

मानवाधिकारों को कायम रखें

दूसरों का आदर करें

हम अपने उल्लेखनीय लोगों की वजह से ही आज सफल हैं।

हम एक टीम हैं, लेकिन हम कई विचारों, अनुभवों और पृष्ठभूमि का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम एक दूसरे के योगदान की कद्र करते हैं और मानते हैं कि हर एक को सफल होने के लिए एक समान मौका दिया जाना चाहिए—हमारे लक्ष्यों और पहल को आगे बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है। एक सकारात्मक वातावरण बनाकर हर्शे के कार्यस्थल को एक विविध, समावेशी और सम्मानजनक कार्यस्थल बनाए रखने के लिए अपनी भूमिका अदा करें और हमारे विविध सहयोगियों द्वारा कार्यस्थल पर लाई जाने वाली विभिन्न ताकतों और प्रतिभाओं को पहचानें।

अच्छाई काम करती है

- दूसरों से उसी तरह पेश आएं जिस तरह के बर्ताव की आप खुद के लिए उम्मीद रखते हैं।
- हमारे विविध दृष्टिकोणों का जश्न मनाएँ। विभिन्न दृष्टिकोणों को सुनें और उनके प्रति ग्रहणशील बनें
- यदि आप किसी के जाति, रंग, लिंग, राष्ट्रीय मूल, आयु, धर्म, नागरिकता की स्थिति, विकलांगता, चिकित्सा हालत, यौन अभिविन्यास, लिंग पहचान, सेवानिवृत्ति की स्थिति, वैवाहिक स्थिति या किसी अन्य विशेषता के आधार पर कानून द्वारा संरक्षित व्यक्ति से भेदभाव या उत्पीड़न देखते हैं, या आपको ऐसा संदेह है, तो बताएं।
- उत्पीड़न, बदमाशी और अपमानजनक आचरण से मुक्त काम के माहौल को बढ़ावा दें—वह शारीरिक, मौखिक या दृश्य चाहे जैसा हो। आप इस आश्वासन के साथ अपनी चिंताओं को साझा कर सकते हैं कि हर्शे नेक नीयत से की गई रिपोर्ट के मामले में किसी के खिलाफ बदले की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करता है।

- **और अधिक जानकारी प्राप्त करें**:

- भेदभाव और उत्पीड़न रोकथाम की नीति
- कार्यस्थल नीति में अनुचित आचरण

हमारी विविधता का जश्न मनाएं।

क्या हो अगर?

जब हम निर्धारित लक्ष्य से चूक जाते हैं तो मेरा प्रबंधक अक्सर अपना आपा खो देता है और टीम के सभी सदस्यों पर चिल्लाता है। क्या यह उत्पीड़न है?

यह निर्भर करता है, लेकिन कारण जो भी हो, यह स्थिति काम के लिए एक नकारात्मक माहौल पैदा करती है। यह ऐसा व्यवहार है, जिसका कंपनी समाधान करेगी, क्योंकि यह उस प्रतिबद्धता का उल्लंघन करती है, जो हमने एक सम्मानजनक कार्यस्थल के लिए बनाई है। मानव संसाधन, विधि विभाग या चिंता लाइन के साथ अपनी चिंताओं को साझा करें।

हमारा एक आपूर्तिकर्ता मेरे एक सहकर्मी के लिए अपमानजनक, उम्र से संबंधित टिप्पणी कर रहा है। मुझे कुछ कहना चाहिए?

हां। यदि आप ऐसा करने में सुविधाजनक महसूस करते हैं, तो आपूर्तिकर्ता से इसे बंद करने के लिए कहें। आप चाहें, तो अपने प्रबंधक, विधि विभाग या चिंता लाइन के साथ अपनी चिंताओं को साझा करें। हम अपने कार्यस्थल (या किसी कार्य से संबंधित घटना में) पर उत्पीड़न के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करते, चाहे कार्रवाई की शुरुआत किसी कर्मचारी, किसी ग्राहक, किसी आपूर्तिकर्ता द्वारा की गई हो-या हमारे कार्यस्थल पर किसी और के द्वारा।

एक सुरक्षित हर्शे को बढ़ावा दें

हम हर कर्मचारी की सुरक्षा और बचाव को महत्व देते हैं।

हम एक दूसरे को देखते हैं। हम अपनी सुरक्षा कार्यविधियों का पालन करते हैं और सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, क्योंकि हमारे लोग, हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं। हर कर्मचारी को अपने काम, पदनाम या जिम्मेदारी की परवाह किए बिना लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई करने का अधिकार है। यदि आप एक ऐसी स्थिति देखते हैं, जो दूसरों को खतरे में डाल सकती है, तो कार्रवाई करें, हर समय और सभी स्थानों में, अपने आप को और अपने सहकर्मियों को चोट से मुक्त रखने के लिए काम करें।

जब हिंसा के काम या धमकियों की बात आती है तो एक शून्य सहनशीलता की नीति का पालन करें। आप के आसपास क्या चल रहा है उसके प्रति सावधान रहें, अच्छी सुरक्षा परिपाटी का पालन और संभावित हिंसा के किसी भी खतरे के बारे में बात करें। हम स्थानीय कानून के अनुरूप कंपनी की संपत्ति पर सभी हथियारों को प्रतिबंधित करते हैं—यदि आपको लगता है कि हमारी संपत्ति पर किसी के पास हथियार हैं, तो अपने प्रबंधक, हमारी कार्पोरेट सुरक्षा टीम के किसी सदस्य या चिंता लाइन से तत्काल संपर्क करें।

शराब या अवैध मादक पदार्थ रखना, उपयोग करना या बांटना भी हमारी नीतियों द्वारा निषिद्ध है, क्योंकि मादक द्रव्यों का सेवन आपके फैसले, आपके प्रदर्शन और जो आप के साथ काम करते हैं, उनकी सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। ऐसे कई उदाहरण हो सकते हैं जहां कंपनी के कारोबार के दौरान मादक पेय पीने की अनुमति हो, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप सभी कानूनों और कंपनी की नीतियों और सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं और हमेशा संयम और अच्छे निर्णय का अभ्यास करें।

अच्छाई काम करती है

- अपनी और दूसरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।
- प्रशिक्षण की आवश्यकता? इसका अनुपालन करें। सुरक्षा उपकरण? इन्हें पहनें। असुरक्षित हालात? इसकी रिपोर्ट करें-तुरंत।
- **और अधिक जानकारी प्राप्त करें:**

- मादक पदार्थ-मुक्त कार्यस्थल नीति

क्या हो अगर?

मुझे शक है कि मेरी एक सहकर्मी को शराब पीने की समस्या है, और मैं उसके बारे में चिंतित हूं। मुझे क्या करना चाहिए?

जब बात सुरक्षा की आती है—चाहे उसकी हो या आपकी—तो कभी समझौता न करें। हर्शे को मुद्दे का समाधान करने और उसे हमारे कर्मचारी सहायता कार्यक्रम के साथ जुड़ने का अवसर देने के लिए अपनी चिंताओं को अपने प्रबंधक या मानव संसाधन के साथ साझा करें।

मानवाधिकारों को कायम रखें

हम जहां भी काम करते हैं, हर जगह निष्पक्ष रोजगार प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एक कंपनी के रूप में, हम हर व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान करते हैं और जिन बाजारों में हम संचालन करते हैं, उनमें रोजगार के कानूनों का पालन करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के तहत स्थापित मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा का समर्थन करते हैं और जानबूझकर ऐसे किसी भी व्यक्ति या कंपनी के साथ व्यापार का संचालन नहीं करते, जो बच्चों (बाल श्रम सहित) के शोषण, शारीरिक दंड, मजबूरी या बंदी श्रम या मानव तस्करी में भाग लेता है।

हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से उम्मीद करते हैं कि वे हमारी प्रतिबद्धता के समान उच्च मानकों को साझा करेंगे। हमारी आपूर्ति श्रृंखला से अवैध श्रम को नष्ट करने की हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, हम श्रम अधिकारों के उल्लंघन में योगदान देने वाली अंतर्निहित परिस्थितियों को बदलने के उद्देश्य से कार्यक्रमों के निर्माण में तेजी लाना जारी रखेंगे। हम जो कदम उठा रहे हैं उनके बारे में और अधिक जानने के लिए, हमारी निगमित सामाजिक दायित्व रिपोर्ट देखें। हमारी आपूर्तिकर्ता आचार संहिता हमारी प्रतिबद्धता को और पुष्ट करती है।

मैं क्या कर सकता हूं? जहाँ आप काम करते हैं वहां के रोजगार कानून का पालन करें, अभद्र व्यवहार के प्रति सतर्क रहें और यदि आप श्रम कानून या मानव अधिकारों के उल्लंघन होते या ऐसा होने की संभावना देखते हैं तो बताएं।

अच्छाई काम करती है

- अन्य लोगों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण बर्ताव करें।
- मानव अधिकारों के दुरुपयोग में संलग्न न हों या जो लोग ऐसा करते हैं उनके साथ व्यापार नहीं करें।
- **और अधिक जानकारी प्राप्त करें:**

- मानवाधिकार नीति

सहभाजीत प्रतिबद्धता

हमारा व्यापार एक लंबी, अन्योन्याश्रित आपूर्ति श्रृंखला पर बनाया गया है और हम हर कड़ी को ठोस और मजबूत बनाना चाहते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन सम्मेलन 138 और 182 द्वारा परिभाषित अनुसार बाल श्रम के सबसे खराब रूपों के लिए हमारी शून्य सहिष्णुता है और उम्मीद करते हैं कि आपूर्तिकर्ता, वे चाहे जहाँ भी मौजूद हों, इस प्रकार की परिपाटियों को नष्ट करने के उद्देश्य से उद्योग के प्रयासों का समर्थन करेंगे और उनमें भाग लेंगे। हम हर व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान करते हैं और विश्वास करते हैं कि हर्शे या हर्शे के आपूर्तिकर्ताओं द्वारा नियोजित किसी भी कर्मचारी से गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए, लागू कानून पर आधारित उचित मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए और उसे काम की सुरक्षित परिस्थितियों का आश्वासन दिया जाना चाहिए।

हम दूसरों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं

उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा को बचाए रखें

निजी जानकारी को निजी रखें

हमारे भागीदारों का सम्मान करें

उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा को बचाए रखें

जब बात हमारे उत्पादों की हो, तो हम कभी समझौता नहीं करते।

जब उपभोक्ता आवरण पर "हर्शे" देखते हैं तो वे जानते हैं कि वे एक सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद प्राप्त कर रहे हैं। हम उनके विश्वास की रक्षा करना चाहते हैं। हम उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में विशेष ध्यान रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उत्पाद कानून, विनियमों और हमारे उद्योग द्वारा निर्धारित मानक के साथ-साथ हमारे स्वयं के आंतरिक मानकों को पूरा करें या उससे अधिक हों।

एलर्जी एक खाद्य सुरक्षा जोखिम पैदा करती है और हमारे पास उपभोक्ताओं को इससे बचाने के लिए सख्त नीतियां हैं। उत्पाद की सुरक्षा हम सब पर निर्भर करती है और प्रमुख एलर्जी कारकों के किसी भी पार संपर्क को रोकने में आप एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। घटक का सुरक्षित भंडारण, उत्पाद लेबलिंग और कोई भी उपकरण जो एलर्जी कारकों के साथ संपर्क में आ सकता है, उसके लिए समुचित सफाई और स्वच्छता प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए हमारी एलर्जी रोकथाम की योजना का पालन करें।

हमारा उत्पाद उत्कृष्टता कार्यक्रम (पीईपी) हमें उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा पर बारीकी से नजर रखने, कानून के अनुपालन के आश्वासन और किसी भी उत्पाद की गुणवत्ता या सुरक्षा जोखिम की पहचान करने तथा हमारी विस्तारित आपूर्ति श्रृंखला का मूल्यांकन करने में मदद करता है। अपने ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का आदर करें, और हमारे आपूर्तिकताओं की जवाबदेही भी नियंत्रित करें।

अच्छाई काम करती है



- उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा पर जोर दें। हमारी कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं का पालन करें।
- यदि आपको किसी ग्राहक की शिकायत या किसी गुणवत्ता, सुरक्षा अथवा विश्वसनीयता के मुद्दे के बारे में पता हो, तो अपने प्रबंधक या अन्य कंपनी संसाधन को तुरंत रिपोर्ट करें।
- **और अधिक जानकारी प्राप्त करें**:

- एलर्जी नीति
- क्यूआरसी के लिए इंट्रानेट साइट

क्या हो अगर?

एक परीक्षण जिसे हम उत्पाद पर करते हैं उसे उत्पाद लाइन के नीचे तक दोहराया जाता है। पहला परीक्षण छोड़ क्यों नहीं देते—क्या इससे हमें वितरण में तेजी लाने में मदद नहीं मिलेगी?

एक आवश्यक परीक्षण को छोड़ना कभी ठीक नहीं होता। अगर आपके पास दक्षता में सुधार के लिए विचार है, उन्हें साझा करना बहुत अच्छा है। लेकिन जब तक प्रक्रिया को मूल्यांकित और संशोधित नहीं किया जाता, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम हर बार एक सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद वितरित कर रहे हैं, आवश्यकतानुसार हर चरण को पूरा करना महत्वपूर्ण है।

निजी जानकारी को निजी रखें

लोग हम पर उनकी निजी जानकारी की रक्षा के लिए विश्वास करते हैं।

हम अपने उपभोक्ताओं, ग्राहकों, सहकर्मियों और अन्य लोगों, जिनके साथ हम व्यापार का संचालन करते हैं उनकी गोपनीयता का सम्मान करते हैं और हम उनकी निजी जानकारी को सावधानी के साथ संभालते हैं। ऐसी कोई भी जानकारी "व्यक्तिगत जानकारी" है जिनका या तो सीधे या परोक्ष रूप से किसी की पहचान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे एक नाम, कर्मचारी आईडी, ईमेल पता या फोन नंबर। वहां डेटा गोपनीयता कानून हैं जो बताते हैं कि व्यक्तिगत जानकारी को जिम्मेदारी से एकत्र, संग्रह, उपयोग, साझा, स्थानांतरित और निपटान कैसे किया जा सकता है, और हम हर जगह पर, जहां हम काम करते हैं, उन कानूनों का पालन करने के लिए प्रयास करते हैं।

हमारी नीतियों का पालन करें और कोई भी व्यक्तिगत जानकारी जो आप को सौंपी गई है, उसकी रक्षा करें। इसे सिर्फ उसी तरह इस्तेमाल करें जिस तरह किया जाना चाहिए और इसे कंपनी के अंदर या बाहर किसी अनधिकृत तरीके से किसी के साथ साझा न करें।

अच्छी साइबर सुरक्षा का भी अभ्यास करें। हमारे नेटवर्क, कंप्यूटर, कार्यक्रमों और डेटा को हमले, क्षति या अनाधिकृत उपयोग से बचाने के लिए सुनिश्चित करें कि आप स्थापित प्रक्रियाओं और परिपाटियों का पालन करते हैं।

अच्छाई काम करती है



- जानें कि किस प्रकार की जानकारी को "व्यक्तिगत जानकारी" माना जाता है।
- आप जिस देश या देशों में काम करते हैं उनके गोपनीयता कानूनों और नियमों का पालन करें।
- अनधिकृत प्रकटीकरण से व्यक्तिगत और कर्मियों की जानकारी की सुरक्षा करें। किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट विधि विभाग को तुरंत करें।

- **और अधिक जानकारी प्राप्त करें**:

- कंपनी की गोपनीय सूचना नीति
- स्वीकार्य उपयोग नीति

क्या हो अगर?

हमारा एक नया विक्रेता मेरी टीम में हर किसी को एक कूपन और अपने उत्पाद का एक निशुल्क नमूना भेजकर "हेलो" कहना चाहता है। विक्रेता ने मुझे मेरे सहकर्मियों के नाम और पतों की सूची देने के लिए कहा है। क्या उसे यह प्रदान करना ठीक है?

कुछ भी करने से पहले, विधि विभाग से संपर्क करें। भले ही अनुरोध के पीछे की मंशा नेकनीयती हो और भले ही आपके सहकर्मी नमूने प्राप्त करना पसंद करें, इस जानकारी की आपूर्ति, निजी जानकारी को निजी रखने की हमारी प्रतिबद्धता का उल्लंघन होगा।

हमारे भागीदारों का सम्मान करें

हम अपने व्यापार संबंधों की कद्र करते हैं और अच्छा जिम्मेदार साथी होने के लिए काम करते हैं।

हम दुनिया भर के आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करते हैं। हम जो कर रहे हैं और हम जो हैं, जिम्मेदार सोर्सिंग उसका मूल है, इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए काम करें कि जो रिश्ते हम बनाते हैं वे आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित हैं। गुणवत्ता, सेवा, मूल्य, उपलब्धता और विश्वसनीयता जैसे कारकों के आधार पर सही भागीदारों का चयन करें और निष्पक्ष भाव से निर्णय करें। हमारे आपूर्तिकर्ताओं को हर्शे के उच्च मानकों को धारण करवाने में अपनी भूमिका निभाएं और सुनिश्चित करें कि वे नैतिकता, कानून के अनुपालन के साथ इस तरह काम करते हैं जो हमारी संहिता, हमारी नीतियों और हमारे मूल्यों के अनुरूप है। हमारी प्रदायक आचार संहिता संकेत करती है कि हम क्या उम्मीद करते हैं।

हम दुनिया भर की संघीय, राज्य और स्थानीय सरकारों के साथ भी काम करते हैं। सरकारी ठेके के तहत आवश्यकताएं अक्सर हमारे अन्य ठेकों की तुलना में ज्यादा सख्त होती हैं। हमारे सरकारी ठेकों में भी हम हमारे सभी ठेकों के अनुसार–नियमों का पालन करते हैं और कभी भी नैतिक कोनों में कटौती नहीं करते। चाहे आप सरकार को बिक्री में शामिल हैं, सरकार के लिए काम करते हैं या एक सरकारी अनुबंध के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार हैं, हमेशा ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शी तरीके से व्यापार का संचालन करें।

सरकारी निरीक्षण, जांच या जानकारी के लिए अनुरोध के साथ अनुपालन और सहयोग करें। यदि कोई सरकारी अधिकारी आप से संपर्क कर रहा है, तो उस व्यक्ति को विनम्रता से विधि विभाग भेज दें। यदि आप एक सरकारी अनुरोध के जवाब में मदद करने के लिए जिम्मेदार हैं, तो सच्चाई बता दें। कभी किसी को गुमराह, उनके काम को बाधित या छिपाएं, दस्तावेज को नष्ट या परिवर्तित न करें।

एफडीए का एक सदस्य निश्चित लाइसेंस प्रदान करने के भाग के रूप में, जिसकी हमें संचालित करने के क्रम में जरूरत है एक संयंत्र का निरीक्षण करने के लिए इशारा करता है। मुझे क्या करना चाहिए?

निरीक्षण के बारे में जानकारी इकट्ठा करें। फिर, एफडीए निरीक्षक को बताएं कि कंपनी उसके अनुरोध का समय पर सही ढंग से जवाब दे, इसे सुनिश्चित करने के लिए जो आप कर सकते हैं करेंगे और विधि विभाग से संपर्क करें।

अच्छाई काम करती है



- यदि आप एक आपूर्तिकर्ता के रिश्ते के लिए जिम्मेदार हैं:
  - हमारी खरीद, सोर्सिंग और नियत आवश्यक (खनिज टकराव के प्रकटीकरण सहित) प्रक्रियाओं और कार्यविधियों का पालन करें।
  - सुनिश्चित करें कि आपूर्तिकर्ता हमारी प्रदायक आचार संहिता के बारे में जानते हों और उसका अनुपालन करने के लिए अभिप्रेत हों।
  - यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्तिकर्ता अपने और हम हमारे दायित्वों को पूरा कर रहे हैं, संविदात्मक समझौतों की निगरानी करें।
  - कोई भी ऐसा आचरण जो हमारे उच्च मानकों को पूरा न करता हो, के बारे में बताएं।
- यदि आप किसी सरकारी ठेके के लिए जिम्मेदार हैं:
  - इस काम से संबंधित अद्वितीय कानूनी आवश्यकताओं और प्रतिबंधों को जानें और उनका पालन करें।
  - किसी भी गोपनीय जानकारी या हमारे अनुबंधों के साथ जुड़ी सरकार द्वारा सुसज्जित संपत्ति को सुरक्षित रखें।
  - कोई भी गतिविधि, जो हमारे ठेके को जोखिम में डाल सकती है उसके बारे में बताएं।
- खरीद सत्यनिष्ठा को प्रोत्साहन करें–कभी न करें:
  - अनुबंध मिलने से पहले गोपनीय या स्रोत चयन जानकारी की तलाश।
  - अन्य ठेकेदारों की गैरसार्वजनिक बोली या प्रस्ताव के बारे में जानकारी का प्रयोग करना।
  - सरकारी खरीद अधिकारियों के साथ रोजगार या व्यापार के अवसरों पर चर्चा करना।
- सुनिश्चित करें कि जो अभ्यावेदन, रिपोर्ट और अन्य जानकारी आप हर्शे की ओर से प्रस्तुत कर रहे हैं, वे सही और सच्ची हैं।
- **और अधिक जानकारी प्राप्त करें**:
  - आपूर्तिकर्ता की आचार संहिता
  - तीसरी पार्टी के अनुपालन की नियत प्रक्रिया नीति और कार्यविधियां

हम सही काम करते हैं

रिश्वत कभी नहीं

उपहार और मनोरंजन के बारे में नियमों को जानें

निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा करें

अंदरूनी जानकारी पर व्यापार न करें

रिकॉर्ड सही रखें

आयात, निर्यात और व्यापार अनुपालन नियमों का पालन करें

रिश्वत कभी नहीं

हम अपने उत्पादों के गुणों के आधार पर व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

यही सिद्धांत है जिस पर हमारी सबसे पहली बिक्री हुई थी और हम आज भी इसी तरह से काम करते हैं। ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें। न तो रिश्वत की पेशकश करें न ही इसे स्वीकारें या किसी दूसरे को अपने लिए रिश्वत लेने दें। और अन्य लोग, जो हमारी ओर से व्यापार का संचालन करते हैं, उनके द्वारा घूसखोरी रोकने के लिए आप जो कुछ कर सकते हैं, करें- एक कंपनी के रूप में, हम न केवल आपके कार्यों के लिए, बल्कि किसी भी तीसरे पक्ष की कार्रवाई के लिए भी जिम्मेदार हैं, जो हमारा प्रतिनिधित्व करता है।

याद रखें, रिश्वत नकदी के अलावा किसी अन्य रूप में भी हो सकती है। अगर किसी निर्णय के बदले में इसकी पेशकश की जाती है, तो एक उपहार, एक अहसान, यहां तक कि ऋण या नौकरी के एक प्रस्ताव को भी रिश्वत माना जा सकता है। किसी भी मूल्यवान वस्तु की पेशकश से पहले, हमारी नीतियों की जाँच करें और प्रश्न करें कि क्या ठीक है (और क्या नहीं)।

कुछ देशों में सरकारी अधिकारियों को घूस देने पर कानून बड़ी सजा देते हैं, लेकिन हमारे लिए, यह आसान है: रिश्वतख़ोरी—किसी को भी, किसी भी संगठन में, किसी भी स्तर पर हो, हमेशा गलत है।

अच्छाई काम करती है

- रिश्वत को जानें जब आप इसे देखते हैं।
- जहां आप काम करते हैं उन देशों के कानूनों और आवश्यकताओं का पालन करें। किसी अनुचित की संभावना से भी बचें।
- स्पष्ट अपेक्षाएं निर्धारित करें और हमारी ओर से कारोबार कर रही तीसरी पार्टियों के काम की सक्रिय रूप से निगरानी करें।
- भुगतान और खर्च की रिकॉर्डिंग में सटीक और संपूर्ण रहें।
- किसी भी तरह की "सुविधा या घूस का भुगतान" न करें (एक सरकारी कर्मचारी से रोजमर्रा की सेवाओं को प्राप्त करने के लिए)।
- यदि आप देखते हैं या आपको रिश्वत का संदेह है तो बताएं।

- **और अधिक जानकारी प्राप्त करें:**

- भ्रष्टाचार विरोधी नीति का अनुपालन

क्या हो अगर?

एक सरकारी कर्मचारी पूछता है कि क्या मैं उसकी बेटी को अपनी कंपनी में इंटर्नशिप दिलाने में मदद कर सकता हूं। वह कहता है कि इससे मुझे लाभ हो सकता है।

ऐसा मत करें। "लाभ हो सकता है" से पता चलता है कि सरकारी अधिकारी अहसान के बदले में कुछ अनुचित करने की योजना बना सकता है। आप सरकारी कर्मचारी को इंटर्नशिप के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं और अन्य सभी उम्मीदवारों की तरह उसकी बेटी को भी आवेदन करने की अनुमति दे सकते हैं। उससे अधिक कुछ भी करना रिश्वत माना जा सकता है।

एक साझी प्रतिबद्धता

